# **प्रेस विज्ञप्ति**

1. हिमाचल प्रदेश पूर्व सैनिक निगम, हमीरपुर द्वारा अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (AIIMS), बिलासपुर (हि.प्र.) में तैनाती हेतु **महिला सुरक्षा गार्डों** की नियुक्ति आउटसोर्स आधार पर की जानी प्रस्तावित है।

2. **पात्रता मानदंड**:-

(a) महिला उम्मीदवार युद्ध विधवा/विधवा/पूर्व सैनिकों या सेवा में कार्यरत सैनिकों की पत्नी या महिला संतान होनी चाहिए।

(b) **आयु**: 01 जनवरी 2026 को आयु 45 वर्ष से कम होनी चाहिए।

(c) **शैक्षणिक योग्यता**: उम्मीदवार को किसी मान्यता प्राप्त विद्यालय/बोर्ड से मैट्रिक परीक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है।

3. इच्छुक एवं पात्र महिलाएं/पुत्रियाँ दिनांक **10 नवम्बर 2025 को प्रातः 10:00 बजे** हिमाचल प्रदेश पूर्व सैनिक निगम, हमीरपुर में चयन (स्क्रीनिंग) प्रक्रिया हेतु (डिस्चार्ज बुक/आश्रित कार्ड), चरित्र प्रमाण पत्र, बोनाफाइड हिमाचली प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक खाता संख्या, शैक्षणिक प्रमाण पत्र (सिविल), 04 पासपोर्ट आकार के फोटो तथा डिप्लोमा/अनुभव/प्रशिक्षण प्रमाण पत्र (यदि कोई हो) दस्तावेज़ों सहित उपस्थित हों।

4. स्क्रीनिंग में उपस्थित होने के लिए किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। AIIMS बिलासपुर में तैनात सुरक्षा कर्मियों को इस निगम द्वारा आवास एवं भोजन की सुविधा उपलब्ध नहीं करवाई जाएगी तथापि मकान किराया भत्ता (HRA) देय होगा।

5. **वेतन:** ₹24,000/- प्रति माह (ई.पी.एफ. सहित)।

6. किसी भी जानकारी के लिए हिमाचल प्रदेश पूर्व सैनिक निगम, हमीरपुर के दूरभाष नंबर **01972-222479** पर संपर्क किया जा सकता है।

**अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक**
हिमाचल प्रदेश पूर्व सैनिक निगम,
हमीरपुर